## विशाल हरि कीर्तन दंगल 26 से

**करौली( नि.स. )।** कैलालादेवी रोड स्थित ग्राम पंचायत बरखेड़ा के गांव नकटीपुरा में सैनी हरि कीर्तन मंडल के तत्वाधान में दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का आयोजन 26 से 27 जून तक किया जा रहा है।

आयोजन समिति के मेड़िया पप्पू सैनी, रामेश्वर सैनीसोहनलाल ने बताया कि सैनी हरि कीर्तन मंडल नकटीपुरा के तत्वाधान में दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का आयोजन 26 जून को प्रात: 7:00 बजे प्रारंभ होगा जो 27 जून को सांय 6:00 बजे तक चलेंगे। इस अवसर पर दंगल में स्थानीय सैनी हरि कीर्तन मंडल नकटीपुरा के अलावा सैनी हरि कीर्तन मंडल धांधुपुरा,मालियों की चौकी गंगापुर सिटी और सैनी हरि कीर्तन मंडल औडच सपोटरा की कीर्तन मंडली द्वारा धार्मिक कथाओं की प्रस्तुति हरि कीर्तन मंडल के रूप में दी जाएगी। विशाल हरि कीर्तन दंगल को लेकर नकटीपुरा में ग्राम वासियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें दंगल से संबंधित सभी तैयारियां पूरी करने के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारियां दी गई हैं बैठक में पटेल जमल माली, सुखराम गोठिया, रामचरण माली, कल्ली माली, खिलाड़ी, हजारी, रामलाल, दुर्गा माली, भगवंत माली श्रीफूल माली, शंभू दयाल शर्मा, बनवारी शर्मा, छगन मास्टर सहित सैनी हरि कीर्तन मंडल नकटीपुरा की सभी सदस्य मौजूद रहे।

# प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग

**भरतपुर ( निस )।** एलएचवी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष कमला मीणा के नेतृत्व में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उप जिला चिकित्सालय वैर को ज्ञापन देकर चुरू जिले की एक एएनएम के साथ दुष्कर्म करने के नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई। ज्ञापन की कॉपी राज्य के मुख्यमंत्री, चिकित्स मंत्री, चिकित्सा विभाग के प्रमुख शासन सचिव पुलिस महानिदेशक एवं जयपुर पुलिस आयुक्तालय को भी दी है। जिसमें कहा है कि चुरू जिले की एएनएम के साथ दुष्कर्म के आरोपी पिन्टू कडवा को तीन दिन के अंदर गिरफ्तार नहीं किया तो राजस्थान की सभी एएनएम एलएचवी कार्य बहिष्कार करेंगी एवं तीस जून को पल्स पोलियो अभियान का भी बहिष्कार करेंगी। इस मौके पर सरिता शर्मा, वृदा रावत, रविता यादव, सहित अनेक एएनएम एलएचवी मौजूद रहीं।

इस मांग को लेकर राजस्थान के सभी जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयों पर एलएचवी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की ओर से ज्ञापन दिया गया। संगठन की प्र्देश अध्यक्ष कमला मीना ने बताया कि जिला चुरू जिला की एक पीएचसी पर बदमाश पिंटू कड़वा ने सरकारी आवास पर सो



एलएचवी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष कमला मीणा के नेतृत्व में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उप जिला चिकित्सालय वैर को ज्ञापन

रही बहन ए एन एम के कमरे की रात को 1 बजे खिड़की तोड़कर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया उसका नाक और मुंह दबाकर बेहोश किया और बेरहमी से उसकी पिटाई की गई।

सोने की चौन और पर्स से दस हजार रूपए लेकर भाग गया। सुबह ड्यूटी पर पीएचसी पर वैक्सीन देने नही आई। तब साथी एएनएम आवास पर गई तो बेहोशी हालत में मिली। तब बीसीएमओ सीएमएचओ कलेक्टर सभी ने मौका मुआयना किया और

> ■ प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उप जिला चिकित्सालय वैर को ज्ञापन देकर चुरू जिले की एक एएनएम के साथ दुष्कर्म करने के नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई

मेडिकल टेस्ट किए जिसमे सत्य पाया गया। इस घटना से राजस्थान की समस्त नारी शक्ति एएनएम एलएचवी बीएचएस में भारी रोष है। ऐसे दरिंदे राजस्थान में कई जगह बहनों को परेशान करते है।

उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। अपराधी अभी पकड़ से दूर है। यह पुलिस डिपार्टमेंट पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। अगर अपराधी को तीन दिवस के अंदर नहीं पकड़ा गया तो समस्त बहनें कार्य बहिष्कार करके 30 जून को होने वाले पल्स पोलियों महा अभियान का भी बहिष्कार करेंगे।

## सूने मकान को चोरो ने बनाया निशाना

**गंगापुर सिटी।** रविवार रात को बालाजी चौक मंदिर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के पास चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। चोर सूने मकान से एलईडी, गैस सिलेंडर, चांदी के सिक्के सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। सुबह पडोसियों ने मकान मालिक को सूचना दी और सूचना पर मकान मालिक घर आया तो उसे मकान में चोरी की घटना का पता चला।

शहर के बालाजी चौक स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के पास निवासी सुनीलचंद पंवार पुत्र कैलाशचंद पंवार के मकान में चोरी की वारदात हुई। पीडित सुनील ने बताया कि वह फोटोग्राफर है और एक दिन पहले वह अपनी मां का इलाज कराने के लिए मकान का ताला लगाकर जयपुर चला गया।

पीछे से रविवार रात को चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोडकर मकान में प्रवेश किया और कमरे का ताला तोड दिया। साथ ही चोरों ने मकान में रखे सामान को खंगाला। इस दौरान चोरों ने कमरे में लगी एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, घर में रखे करीब 7 चांदी के सिक्के, चांदी की पायजेब और नए कपडे सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह करीब 6 बजे पडोसियों ने सुनील को मकान के गेट का ताला टूटने की सूचना दी।

## सार-समाचार

### 23 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**करौली( नि.स. )।** करौली कोतवाली थाना पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ के लिए 24 घंटे में चलाएं विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए 23 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कोटपा एक्ट में भी कार्यवाही करते हुए 21 सौ रुपए का जुर्माना भी वसूल किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए करौली कोतवाली पुलिस ने 7 टीमों का गठन किया था। पुलिस विभिन्न आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। करौली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि भरतपुर संभाग आईजी राहुल प्रकाश और करौली पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अपराधियों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कोतवाली द्वारा 7 टीमों का गठन किया गया। अभियान के दौरान टीम ने कार्यवाही करते हुए 7 हिस्ट्री शीटरो को गिरफ्तार किया है। थाने के एएसआई महेश शर्मा,कॉस्टेबल समंदर,दिगंबर ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सद्दाम कुरेशी, शिवकुमार, राधेश्याम, मुस्ताक, पन्ना को, हैड कांस्टेबल विजय सिंह, कांस्टेबल विनेश,पंकज ने गजानंद उर्फ सेठी तथा हैड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, कांस्टेबल महाराज सिंह ने हिस्ट्रीशीटर अफसर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फरार वारंटी सुरेश माली, सुशीला,जतन, देशराज, सुनीता, गुड्डी और उमेश को गिरफ्तार किया है। थाने के एएसआई ओमप्रकाश, हैड कांस्टेबल विजय सिंह,कांस्टेबल रमाकांत ने हिस्ट्री शीटर विजय फागना को गिरफ्तार किया है।

### पक्षियो के लिए लगाये परिंडे

**करौली( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती डॉ. रक्षा भंडारी के निर्देश अनुसार भाजपा जिला संयोजक विद्या वैष्णव महिला मोर्चा ने अपनी टीम के साथ इस भीषण गर्मी में पक्षियों के परिंडे लगवाए। और जीव रक्षण,धार्मिक भावनाओ का संदेश दिया जिनके साथ में सीता,कमला,सरोज शर्मा, सीता शर्मा, मेघा वैष्णव,स्वाति वैष्णव, ज्योति, बेबी, रेनू, सुशीला, काशवी, अंश, अंशी आदि महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

### 'बिना कागजात वाली गाडियों बंद हो'

**भरतपुर ( निस )।** ट्रक ऑपरेटर यूनियन के द्वारा सरकारी गैंहू के परिवहन में बिना कागजों की गाडियों को बन्द करवाने की मांग की है। इस मौके पर एफसीआई डिपो के मैनेजर एवं भारतीय खाद्य निगम के मण्डल प्रबंधक अलवर को ज्ञापन भेजकर बताया कि 12 जनवरी को ईमेल के जरिए यूनियन को अवगत कराया था कि भरतपुर एफसीआई से सरकारी गैहू के परिवहन में ठेकेदार द्वारा कुछ बिना कागजों की गाडियों का उपयोग किया जा रहा है। जिनके फिटनेस, बीमा, परमिट कागज खत्म हैं। परन्तु आज तक इस पर कोई संतोषप्रद कार्यवही नहीं हुई है। जिसके चलते 15 जून को सरसौं अनुसंधान केन्द्र पर एक्सीडेन्ट हो गया। जिसमें दो लोगों की मृत्यु हो गई व 8 गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस पर ज्ञापन भेज कर इस मामले में कार्यवही की मांग की गई है।

### कम्प्यूटर टंकण परीक्षा 29 को

**करौली ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों,जिनकी नियुक्ति हुए 3 वर्ष से अधिक नही हुए है की नियमित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा 29 जून को प्रात: 10:00 बजे से राजकीय महाविद्यालय करौली मे आयोजित की जायेगी। इस संबंध मे उन्होने डीओआईटी के संयुक्त निदेशक को आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये है।

### यूनानी चिकित्सा शिविर 25 जून से

**भरतपुर ( निस )।** निदेशालय यूनानी चिकित्सा विभाग राजस्थान जयपुर के तत्वावधान में राजस्थान सरकार की एससीएसपी टीएएसपी योजनान्तर्गत निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर का आयोजन 25 जून व 26 जून को प्रात: 9 बजे से सांय 6 बजे तक राजकीय यूनानी औषधालय जनाना अस्पताल परिसर भरतपुर में किया जा रहा है जिसमें विभाग के कुशल चिकित्सकों द्वारा जोडों का दर्द, गठिया वाय, कमर दर्द, उदर रोग, खांसी, जुकाम, बुखार, चर्म मेश, स्त्री रोग तथा अन्य सभी बीमारियों का निशुल्क इलाज कर औषधियों वितरित की जावेंगी।

## बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत लक्ष्यों को शत प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित करें

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत वर्ष 2024-25 के तहत विभिन्न विभागों को आवंटित लक्ष्यों को अधिकारी कार्ययोजना बनाकर कार्य करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं मेलाभान्वित किया गया जिसके सकारात्मक परिणाम भी आ रहे है। इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागीय अधिकारी कार्ययोंजना बनाकर सक्रिय रहते हुए कार्य करें तथा प्राथमिकता देकर विभिन्न सूत्रों मेंशत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करें। उन्होने महिला एवं बाल विकास, जिला परिषद, राजीविका, पीडब्लूडी, शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य विभागों को आवंटित लक्ष्यों की बिन्दुवार समीक्षा की एवं आवंटित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिये। बैठक मे सीपीओं प्रकाश चंद मीना ने विभिन्न विभागों को वर्ष 2024-25 मे आवंटित किये गये लक्ष्यों के बारे मे जानकारी दी एवं पूर्व वित्तिय वर्ष मे प्राप्त लक्ष्यों के बारे मे भी जानकारी दी। बैठक मे अति. जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर ( निस )।** अखिल भारतीय किसान महासभा ने कॉमरेड नत्थी लाल शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन को सीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने खेती से संबंधित 10 मांगें पूरी करने की बात रखी। किसानों ने बताया कि ईआरसीपी परियोजना को जल्द से जल्द शुरू किया जाये। जिससे चंबल नदी का पानी जो व्यर्थ बहता है वो नदियों के माध्यम से किसानों को उपलब्ध हो सके। किसानों की सभी फसलों के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य के हिसाब से तय करवाए जाएं। किसानों का सारा कर्ज माफ़ किया जाए और बेसहारा जानवरों से निजात दिलाई जाये। किसानों ने बताया कि फसल बीमा कंपनी किसानों के प्रीमियम को हड़प जाती है और बीमा क्लेम नहीं देती। इससे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को प्रधानमंत्री फसल लूट योजना बना दिया है।

## वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान का आयोजन

**करौली ( नि.स. )।** करौली के रामपुर धाभाई पंचायत में ग्रामीण विकास ट्रस्ट क्रिसिल फाउंडेशन व प्रगति कार्यक्रम के तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन हुआ।

इस दौरान जिला परियोजना प्रभारी मुकेश गुर्जर तुंगी ने बताया की करौली व सवाई माधोपुर जिलो में 500 गांव में कार्यक्रम जारी है जिसमें करौली जिले 290 गांवो में क्रिसिल सखियो के साथ वित्तीय साक्षरता को लेकर कार्यक्रम जारी है और इस कार्यकम के दौरान वित्तीय साक्षरता, वित्तीय समावेशन, वित्तीय लचीलापन के बारे विस्तार से बताया कि वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ावा देवे जिससे ग्रामीण जरूरतमंद लोग वित्तीय साक्षर हो सके।

इस दौरान जिला अग्रणी बैंक से प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और मनीवाइज सेंटर मैनेजर मलखान सिंह गुर्जर और राजरोशी गुर्जर, जीवीटी फील्ड ऑफिसर शेरसिंह गुर्जर ने बैंकिंग योजनाओं के बारे मे जैसे बीमा व सुकन्या,पेंशन में कैसे जुड़े और डिजिटल जालसाझी से कैसे बचे

उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष सरपंच सिरमोहर सिंह गुर्जर ने कार्यक्रम के दौरान धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया की संस्था के द्वारा एक वट वृक्ष भी लगाया गया और भगवान सिंह मीना,गुड्डी देवी,चंद्रभान सैनीक्रिसिल सखी हेमा शर्मा,ममता गुर्जर और बैंक ऑफ बडौदा से एफएलसी कैलाश शर्मा, सुरेश, शेरा सहित 200 ग्रामीणों ने भाग लिया।

## संगोष्ठी 26 को

**करौली ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने एक आदेश जारी कर बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को भारत सरकार के द्वारा 25 दिसम्बर 2023 को अधिसूचित कर दिया गया है। उक्त अधिनियम 1 जुलाई 2024 से प्रभावी हो जायेंगे।

उन्होने बताया कि इस संबंध मे नवीन विधियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 26 जून को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार मे एवं 27 जून को दोपहर 3:30 बजे उपखंड कार्यालय हिण्डौन मे संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। उन्होने इस संबंध मे न्याय अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों,अधिवक्ताओं, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के व्याख्याताओं को एवं आमजन को आमंत्रित किया जायेगा।जिससे कि इस बारे मे अधिक से अधिक लोगो तक जानकारी पहुंच सके।

# बिना भेदभाव के हो शहर के विकास कार्य: कृषि मंत्री किरोड़ी लाल

**सवाई माधोपुर,।** नगर परिषद मण्डल सवाई माधोपुर की साधारण सभा की बैठक सोमवार को कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना के मुख्य आतिथ्य एवं नव नियुक्त सभापति सुनील तिलकर की अध्यक्षता में जिला परिषद् सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में कृषि मंत्री ने नगर परिषद् क्षेत्र के सभी वार्डो में गुणवत्ता पूर्ण विकास कार्य करवाने, गत सरकार के दौरान सफाई कार्य, एलईडी लाईट, निर्माण कार्यो एवं जारी किए गए फर्जी पट्टों की जांच के लिए कमेटी बनाकर पट्टे निरस्त करने, अवैध निर्माण के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर निर्माण ध्वस्त करने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह को प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण के विरूद्ध भेदभाव रहित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटवाने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त को प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि शहर के विकास में बिना भेदभाव के काम होना चाहिए। काम नहीं करने वाले ठेकेदारों को तुरंत प्रभाव से ब्लैक लिस्टेड किया जाए। उन्होंने पार्षदों की शिकायत पर शहर की मुख्य सड़कों पर लगी एलईडी लाईटों को 2 दिन में सहीं करवाने व सभी सदस्यों को अवगत कराने निर्देश नगर परिषद जेईएन को प्रदान किए।


उन्होंने रैगर मौहल्ले में आ रही पेयजल समस्या के निवारण हेतु नई ट्यूबवेल को शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश अधिशाषी अभियंता हरज्ञान मीना को दिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में जिले के मास्टर प्लान के अनुसार वन विभाग से समन्वय स्थापित कर कैम्प लगाकर नये पट्टे जारी कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।बैठक में राजस्व बढ़ाने हेतु प्रोपर्टी टैक्स इन्फर्मेशन मैनेजमेन्ट सिस्टम लागू करने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण हेतु ओटो टीपर की संख्या बढ़ाने, जिले के बाहरी पर्यटकों से शुल्क वसूल कर सौन्दर्यकरण हेतु उपयोग करने, सफाई व लाईट व्यवस्था, सभागार के रिनोवेशन, गैराज शाखा खुलवाकर मैकेनिकल इंजीनियर लगवाने,बजरिया सिद्धी विनायक मंदिर के पीछे पुराने बस स्टैण्ड पर फूड जोन बनाने, बाजार में खड़े बेतरतीब वाहनों को उठाने, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु 30 नवीन ओटो टीपर वाहन खरीदने पर चर्चा की गई।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे सम्मान

**करौली( नि.स. )।** राज्य के लोकतंत्र सैनानियों का आज मंगलवार 25 जून को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह मुख्यमंत्री निवास जयपुर में सम्मान होगा वर्ष 1975 देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में लगे आपातकाल के दौरान जेल की सलाखों में बंद रहे उन राज्य के लोकतंत्र सैनानियों का जयपुर मुख्यमंत्री निवास पर आज 25 जून को आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह मे सम्मान होगा जिसमें करौली जिले के भी लोकतंत्र सैनानी भाग लेंगे जिनमे करौली शहर निवासी भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा,उद्योसिंह एडवोकेट,टोडाभीम से सुरेष चंद गुप्ता,नादौती से कैलाष चंद शर्मा का मुख्यमंत्री सम्मान करेंगे।

# कबीर जयंती मनाई

**गंगापुर सिटी ।** कोली समाज (पारख मंडल) के तत्वाधान में संत कबीर दास जी की जयंती मनाई गई। पूरे कोली समाज द्वारा डीजे के साथ संत अरविंद साहेब लालसोट वालों की अध्यक्षता में संत कबीर की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे पूरे कोली समाज के महिलाए और पुरुष सम्मलित रहे। तत्पश्चात दोपहर में संतो के प्रवचनों का श्रोताओं ने धर्मलाभ लिया। सायं को पुन: संत महात्माओं के प्रवचनों का लाभ लिया। संत अरविंद साहेब ने अपने प्रवचनों में साहेब कबीर की जीवनी के माध्यम से उनकी साधुता का वर्णन किया और बताया की अन्य संत महात्मा के प्रवचन कबीर की वाणी के बगैर पूरे नही होते। संतों के प्रवचन के बाद सामूहिक रूप से भोजन प्रसादी की गई। कार्यक्रम में कोली कल्याण



समिति के अध्यक्ष बुधराम साहेब व समिति की सदस्य कलुआराम मिस्त्री, परसादी, ओमी साहेब, शांतिलाल, बी एल महावार, चोखे लाल, अखिल भारतीय कोली समाज के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश महावर, जिला सचिव नारायण लाल, कोषाध्यक्ष राम किशन, वीडीओ जौहरीलाल, सोहन लाल, दुर्गलाल, बसंतलाल सहित समाज के अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## 125 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**सपोटरा / करौला ( नि.स. )।** आदिवासी मीणा विकास संस्थान सपोटरा द्वारा रविवार को मीणा धर्मशाला के संरक्षक डॉ. जयपाल मीणा की अध्यक्षता तथा रिटायर्ड आईएएस प्रेमचंद मीना व आईपीएस राजेन्द्र प्रसाद मीणा के आतिथ्य में सर्वसमाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर एक ही जाजम पर सामाजिक सौहार्द की अनूठी पहल की है। दूसरी ओर सर्वसमाज की 125 प्रतिभाओं व संस्थाओं को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारम्भ मीन भगवान,आदिवासी विरसा मुण्डा,डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्रपट के पुष्प अर्पित व द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष पी.आर. मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र से प्रशासनिक सेवाओं में चयनित,जीवन रक्षा क्षेत्र में रक्तदान करने वाले समाजसेवियों,ग्रामीण क्षेत्रो मे पर्यावरण संरक्षण पर जोर देने पर आदिवासी एकता मंच के पदाधिकारियों,कृषि क्षेत्र में नवाचार,खेलकूद में बेहतरीन प्रदर्शन करने,शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 4 शिक्षण संस्थाओं के संस्था प्रधान,बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिषत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों, प्रतिभाओं को स्मृतिचिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होने संबोधन के दौरान समाज मे व्याप्त कुरूतियों को त्यागते हुए समाज को एकता मे रहने पर जोर दिया। वही संस्थान के संरक्षक डॉ जयपाल मीना ने मीना विकास संस्थान के द्वारा किए जा रहे कार्यो का उल्लेख करते हुए समाज संगठन से जुडने के लिए लोगो को प्रेरित किया। उन्होने कहा कि समाज जुडेगा को युवा पढेगे। प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान शिरकत कर पहुचे आईपीएस राजेन्द्र प्रसाद मीना ने समाज मे व्याप्त कुरूतियों को त्यागते हुए बालिका शिक्षा को बढावा देने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि समाज मीणा समाज अभी भी तकनीकी शिक्षा मे पिछडा हुआ है। ऐसे मे समाज के युवाओं के तकनीकी शिक्षा के प्रति बढने पर जोर दिया। वही रेल्वे से रिटायर्ड सीनियर अधिकारी चिम्मनलाल मीना ने समाज द्वारा संचालित सार्वजनिक पुस्तकालय, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र की सराहना करते हुए समाज के युवाओं को समाज के लिए सहयोग करने व आदिवासित को जिन्दा रखने के लिए समाज की विभूतियों के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया।रिटायर्ड आईएएस कुलदीप पाकड ने कार्यक्रम में मीणा समाज में व्याप्त सामाजिक कुप्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए पंच-पटेलों व युवाओं को सख्त कदम उठाने पर बल दिया। उन्होने कहा कि समाज के युवा व बुजुर्ग समाज के उत्थान के लिए युवा पीढी मे फैल रहे नशे के कारोबार पर रोकथाम लगाने का प्रयास करे।

# आदिवासी के मामले में शिक्षा मंत्री के बयान ने पकड़ा तूल



गंगापुर सिटी मे शिक्षा मंत्री का पुतला फुकते आदिवासी।

**गंगापुर सिटी।** आदिवासी के मामले में गत दिनों शिक्षा मंत्री द्वारा दिए गए बयान का मामला तूल पकड गया है। वजीरपुर कस्बे में कुछ लोगों ने बयान पर विरोध जताते हुए शिक्षा मंत्री पुतला फूंका। साथ ही शिक्षा मंत्री को पद से बर्खास्त करने और इस मामले में माफी मांगने की मांग की।

गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री के द्वारा आदिवासियों को लेकर डीएनए टेस्ट करवाने जैसा कथित तौर पर विवादित बयान दिया था। बयान को लेकर आदिवासियों में आक्रोश हो गया और बयान के विरोध में जगह-जगह विरोध

> ■ वजीरपुर कस्बे में कुछ लोगों ने बयान पर विरोध जताते हुए शिक्षा मंत्री पुतला फूंका

प्रदर्शन शुरु हो गए। गंगापुर सिटी जिले के वजीरपुर कस्बे में भी दर्जनों युवा आज बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। यहां पर शिक्षा मंत्री के बयान पर विरोध जताते हुए पुतला फूंक कर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी प्रकृति पूजक है और इस तरह के बयान की वे कडे शब्दों में निंदा करते है। उन्होंने शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने के साथ मंत्र दिलावर से माफी मांगने की मांग की। वहीं इस मामले में विधायक ने भी शिक्षा मंत्री के बयान की कडे शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से मांग करते है कि शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करें। इस दौरान पिंटू मीणा, चिंटू, रोहित, पिंकेश, सोनू, लवकेश, अमरसिंह, दीपराम, भीमसिंह, विक्रम, हेमराज टाटू, अजय, मुबीद खान, लाखन, राजाराम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्मृति दिवस मनाया

**जुरहरा ( निस )।** सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपसेवा केंद्र जुरहरा में संस्था की प्रथम

> ■ मां सदाशिव बाबा में अटूट निश्चय और विश्वास रखती था

पूर्व मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 59वां पुण्य स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नदबई सेवा केंद्र की प्रभारी बहन बी के संतोष के द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन ने मातेश्वरी का स्मृति गीत श्तेरे प्यार को याद करेगा जमानाश् गाकर की।

कार्यवाही की अध्यक्षता कर रही ब्रह्माकुमारी संतोष बहन ने मातेश्वरी की विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहा कि मातेश्वरी की मुख्य तीन शिक्षाएं थी गुणवान बनना है, गुणवान बनाना है व गुणगान करना है। जुरहरा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने ईश्वरीय महावाक्य का उच्चारण करते हुए बताया कि मां सदाशिव बाबा में अटूट निश्चय और विश्वास रखती थी। मां ने सदैव शिव बाबा की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सच्ची श्रद्धांजलि पुष्पों के द्वारा अर्पित की और सभी को भोग प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धीरज गुर्जर, पूरन सैनी, प्रमोद खण्डेलवाल, संजू व दरबारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अस्पताल प्रशासन ने 40 लोगों के कांटे चालान

**करौली ( नि.स. )।** करौली के मंडरायल रोड स्थित जिला अस्पताल एवं सामान्य चिकित्सालय में जर्दा,गुटका खाने एवं बीड़ी सिगरेट पीने वालों की खैर नहीं सोमवार को अस्पताल प्रशासन ने अभियान चलाते हुए 40 लोगों के चालान काटकर जुर्माना राशि वसूली।

करौली के सामान्य चिकित्सालय एवं मंडरायल रोड स्थित जिला चिकित्सालय एमसीएच बिंग में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा के नेतृत्व में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं पहले लोग जर्दा,गुटखा खाकर अस्पताल की दीवारों पर पीक थूक दिया करते थे और खुलेआम बीड़ीसिगरेट पीकर धुएं के छल्ले उड़ाते नजर आते थे लेकिन अब काफी हद तक व्यवस्थाओं में सुधार आया है अस्पताल में जर्दा,गुटका खाने वाले एवं बीड़ी,सिगरेट पीने वालों पर काफी अंकुश लगने से सफाई व्यवस्था भी सुदृढ हो पाई है अस्पताल प्रशासन ने विशेष अभियान चलाते हुए कोटपा एक्ट के तहत गुटका, खैनी, तंबाकू, स्मोकिंग एवं अन्य नशा करने वालों के खिलाफ सोमवार को कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान करीब 40 लोगों को जर्दा, गुटखा खाते एवं बीड़ी, सिगरेट पीते हुए मौके पर पकडा जिनके चालान काटे गए यह अभियान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा के निर्देशन में नर्सिंग अधीक्षक अखिलेश गुप्ता,कोतवाली थाना पुलिस एवं अस्पताल के स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ

जिसमें अस्पताल के काउंसलर जगदीश का विशेष योगदान रहा। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा ने बताया कि अस्पताल में जदा,गुटका खाकर पीक थूकने वाले एवं बीड़ी सिगरेट आदि नशा करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान के तहत कार्यवाही की जाएगी उन्होंने आमजन से अस्पताल की सफाई व्यवस्था में सुधार की अपील की है।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन 29 को

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले मे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन 29 जून को सूचना केन्द्र के टाउन हॉल मे किया जायेगा। इस हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध मे जिला रोजगार अधिकारी,नगर परिषद, डीओआईटी, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, विद्युत विभाग, सीडीईओ, सीएमएचओं, डीफओं, पुलिस विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर समस्त तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है।